>

Title: Need to introduce a train between Ratlam/Ujjain and Allahabad via Maksi, Bavaria, Ruthiyai and Guna in Madhya Pradesh.

श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़): उपाध्यक्ष जी, प्रत्येक व्यक्ति की हार्दिक इच्छा रहती है कि जीवन में गंगा स्नान कम से कम एक बार किया जाए। प्रयागराज जोकि अब इलाहाबाद है, हिंदू धर्म में श्रद्धालुओं का सबसे पवित्र तीर्थ स्थान है। प्रयागराज संगम महाकुम्भ में स्नान हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं की स्थिति अत्यन्त दयनीय रहती है। ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। महिलाएं एवं वृद्धजनों एवं बच्चों को अन्यंत्र जंक्शनों पर जाकर रेलगाड़ियां बदलनी पड़ती हैं। इलाहाबाद के लिए सीधी ट्रेन की मांग मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता की बहुत पुरानी है। उज्जैन तथा इलाहाबाद दोनों ही सप्तपुरी के नाम से प्रसिद्ध तीर्थ नगरी हैं तथा दोनों को वाया गुना होकर जोड़ने की आवश्यकता है ताकि मक्सी-गुना-माणिकपुर रेलखंड के दौरान पड़ने वाले स्टेशनों की जनता भी सीधे जुड़ सके। मक्सी-रूठियाई-गुना-मालखेड़ी-कटनी-माणिकपुर सेक्शन पश्चिम मध्य रेलवे का ही सेक्शन है जिसमें से रूठियाई से कटनी तक तो पूर्णतः विद्युतीकृत है तथा कहीं भी इंजन की दिशा बदलने की आवश्यकता नहीं है। पश्चिम मध्य रेलवे जोन में स्थित संसदीय क्षेत्र राजगढ़ सहित उज्जैन, देवास-शाजापुर तथा गुना संसदीय क्षेत्र के यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु इन रेल खंडों को जोड़ते हुए एक नवीन रेलगाड़ी रतलाम-उज्जैन से इलाहाबाद वाया मक्सी, ब्यावरा, रूठियाई, गुना, मालखेड़ी तथा कटनी होकर चलाया जाना अत्यंत आवश्यक है।

अतः आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि एक नवीन रेलगाड़ी रतलाम-उज्जैन से इलाहाबाद वाया मक्सी, ब्यावरा, रूठियाई, गुना होकर चलवाने की कृपा करें।